
# चांद पर कूदने वाले

जेनिस मेय उड्री, चित्र: मौरिस सेंडक



1960 की कैल्डेकॉट ऑनर बुक

"मौरिस सेंडक ज़रूर जेनिस मेय उड्री की पुस्तक *द मून जंपर्स* से बहुत प्रभावित हुए होंगे, क्योंकि उन्होंने उसके लिए बहुत ही बेहतरीन चित्र बनाये हैं."

-न्यूयॉर्क हेराल्ड ट्रिब्यून

"चित्र ऐसे हैं जिनमें बच्चे सीधे प्रवेश कर सकते हैं और अपने नंगे पैरों से घास को महसूस कर सकते हैं, बालों को उछालने वाली नरम हवा उनके चेहरों को ठंडा करती है, और बच्चे चांदनी गर्मी की रात में जीवंत और गति से भरे होने का उत्साह महसूस कर सकते हैं. कई वयस्कों को भी यह सुंदर चित्र पुस्तक पसंद आएगी.

-द हॉर्न बुक

"मौरिस सेंडक गर्मियों की रातों का माहौल बनाने के लिए उदास, शांत, चांदनी रंग के टोन का उपयोग करते हैं. केवल कुछ ही पृष्ठ रंगीन हैं, लेकिन उनके काले और सफेद चित्र गतिशीलता से भरे हैं, जो बच्चों के उच्च उत्साह को आकर्षित करते हैं."

- द टाइम्स लिटरेरी सप्लीमेंट

# चांद पर कूदने वाले

गर्मी की रात में ठंडी अंधेरी घास है
और बड़े थके हुए पेड़ हैं
आसमान पर चांद सैर कर रहा है
हवा के ऊपर.



# चांद पर कूदने वाले

जेनिस मेय उड्री
चित्र: मौरिस सेंडक





सूरज थक गया है. वो आसमान से नीचे उनींदी पहाड़ियों में चला जाता है.

सूरजमुखी झुक जाते हैं. वे कल के सूरज का सपना देखने के लिए सो जाते हैं.






चाँद उग आया है! अब चीड़ के पेड़ में एक उल्लू जाग रहा है. बिल्ली बाहर निकलती है और बगीचे के किनारे पर घूमती है और फिर गेट से बाहर चली जाती है.








गेट के पार सड़क पर अंधेरा छा जाता है. रात की ठंडी परछाइयाँ घर के चारों ओर इकट्ठी हो जाती हैं.



खिड़की में माँ और पिताजी ने एक लैंप जलाया है.



बाल्टी और फावड़े को सैंडबॉक्स में नीचे छोटे महल के दरवाजे के पास छोड़ दिया जाता है.

सुनहरी मछली कमल के ताल की गहराई में मूनफिश के साथ खेलती है.



बूढ़े मेंढक टर्राने लगते हैं. जुगनू जंगल से आते हैं. विशाल पतंगा चंद्रमा, के फूलों की तलाश में झूम उठता है.





रात की गर्म हवा हमारे बालों को झकझोर देती है. हवा की झंकारें हलचल मचाती हैं. और हम सब नंगे पैर नाचते हैं. बार-बार घास के ऊपर! हम पकड़ा-पकड़ी खेलते हैं. हवा के साथ और एक दूसरे के साथ.








हम रात में बैठने के लिए एक पेड़ पर चढ़ते हैं. और हम वहां एक छोटा सा तंबू बनाते हैं और नाटक करते हैं कि हम अपनी रात एक द्वीप पर बिता रहे हैं.

हम गाने बनाते हैं. और कविताएँ भी. फिर हम पूरी घास पर कलाबाज़ियां लगाते हैं.





हम भूतों की कहानियाँ सुनाते हैं. और खिड़की के नीचे "भौं-भौं!" चिल्लाते हैं.









हम बार-बार, ऊँचे और ऊँचे उछलते-कूदते हैं. लेकिन हम में से आज तक किसी ने चाँद को नहीं छुआ है.




हम घर के चारों ओर दौड़ते और दौड़ते हैं. चंद्रमा का आकार गुब्बारे जैसे बढ़ता ही जाता है.




फिर एक विशाल छाया आती है! तब हम छुप जाते हैं! फिर वो बड़ी छाया लॉन में आती है! शायद कोई विशाल दैत्य आ रहा है!

पिताजी अपना पाइप जलाते हैं – फिर वो हँसते हैं! पिताजी ही वो विशालकाय व्यक्ति हैं जो अपने गुलाबों को देखने के लिए रात को टहलने आए हैं.



माँ दरवाजे से आवाज देती है. "बच्चों, तुम कहां हो." लेकिन हम बच्चे नहीं हैं, हम तो चंद्रमा पर कूदने वाले हैं!

"अब सोने का समय हो गया है," वह कहती हैं.







"शुभरात्रि चंद्रमा."

बिस्तर सफेद और ठंडा है और
तकिया, रात जैसा मुलायम है.

चंद्रमा आकाश में तैरता है.
और हम सो जाते हैं और कल
के सूरज का सपना देखते हैं.



## लेखक के बारे में

जेनिस मेय उड्री का जन्म इलिनोइ में हुआ था. उन्होंने नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी.
वह अब उत्तरी कैरोलिना में रहती हैं.

श्रीमती उड्री की पहली पुस्तक, *ए ट्री इज़ नाइस,* जिसे मार्क सिमोंट ने चित्रित किया था, ने सबसे प्रतिष्ठित अमेरिकी चित्र पुस्तक के लिए 1957 काल्डेकॉट पुरस्कार जीता. श्रीमती उड्री ग्लेंडा,, *लेट्स बी एनिमीज़* (मौरिस सेंडक द्वारा चित्रित). वो *मैरी एन्स मड डे, द मीन माउस एंड अदर मीन स्टोरीज़,* और *थंप एंड प्लंक* की लेखिका भी हैं.

## कलाकार के बारे में

मौरिस सेंडक को *व्हेयर द वाइल्ड थिंग्स आर* के लिए 1964 काल्डेकॉट मेडल, चित्रण के लिए 1970 का हंस क्रिश्चियन एंडरसन पुरस्कार मिला; 1983 में लौरा इंगल्स वाइल्डर पुरस्कार उन्हें अमेरिकन लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा उनके संपूर्ण कार्य को मान्यता देने के लिए दिया गया. अमेरिका में कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हे 1996 का राष्ट्रीय कला पदक भी मिला. 2003 में, उन्हें पहला एस्ट्रिड लिंडग्रेन मेमोरियल पुरस्कार मिला - जो स्वीडिश सरकार द्वारा स्थापित बच्चों के साहित्य के लिए एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है.

